>

Title: Need to send a Central team to survey and recommend measures for renovation of 'Gopamau', a historical place at Hardoi district, Uttar Pradesh.

श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद) : महोदय, मेरे क्षेत्र में एक प्राचीन ऐतिहासिक कस्बा गोपामऊ जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश है। इस प्राचीन कस्बे में प्राचीन लखौरी ईंट की बहुत सारी हवेलियां चालू तथा वीरान हालत में है। कर्नाटक का मशहूर नवाब मोहम्मद अली वाला जाह इसी कस्बे का रहने वाला था। गोपामऊ एक टाऊन एरिया है परंतु उसकी हालत इतनी खराब है कि सभी ऐतिहासिक धरोहरें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंचकर समाप्त हो रही है। कुछ समय बाद हम अपने इतिहास के कुछ बचे-खुचे सबूतों से भी महरूम हो जायेंगे।

मेरी भारत सरकार से मांग है कि गोपामऊ कस्बे की ऐतिहासिक धरोहर को बचाने के लिए वहां की गलियों व नालियों व निर्माण के अन्य कार्यों के लिए एक केन्द्रीय टीम भेजकर सर्वेक्षण कराए और वहां गलियों व नालियों के पुनः निर्माण के लिए आवश्यकता अनुसार फंड उपलब्ध कराये।